विज्ञान में तलाशें करिअर: प्रो. सत्यामूर्ति

विज्ञान एक राह प्रोफेसर ने कहा अच्छा साइंटिस्ट बनने के लिए विज्ञान को जानने की उत्सुकता होनी बहुत जरूरी

सीएसआईओ में आयोजित कार्यक्रम में आए प्रो.एन सत्यामूर्ति।

भास्कर न्यूज़. चंडीगढ़

विज्ञान में अपार संभावनाएं हैं, बस प्रतिभाओं को सही दिशा दिखाने की जरूरत है। हमारे देश के साइंटिस्ट दुनियाभर में अपनी सफलता का परचम लहरा रहे हैं, लेकिन देश के युवाओं का रुझान विज्ञान छोड़ दूसरे क्षेत्रों में ज्यादा बढ़ता जा रहा है। यह बात इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजूकेशन एंड रिसर्च के प्रो. एन. सत्यामूर्ति ने सेंट्रल साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंटस ऑर्गेनाइजेशन (सीएसआईओ) में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान कही।

कार्यक्रम में हरियाणा प्रदेश के कई स्कूलों के विद्यार्थियों ने शिरकत की। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रो. सत्यामूर्ति ने कहा कि कोई भी विद्यार्थी एक अच्छा साइंटिस्ट तभी बन सकता है जब उसमें विज्ञान को जानने की उत्सुकता हो। जैसे पूत के पांव पालने में ही नजर आ जाते हैं, ऐसे ही विज्ञान के प्रति रुझान बचपन में ही बच्चे की गतिविधियों को देख पता लगाया जा सकता है। बस जरूरत होती है उसके रुझान को सही दिशा देने की।

रुचि पैदा करना मकसद

सीएसआईओ के डायरेक्टर पवन कपूर ने कहा कि यह ,कार्यक्रम सीएसआईआर के पूर्व महानिदेशक प्रो. रघुनाथ अनन्त माशेलकर द्वारा शुरू किया गया था। जिसे देशभर में फैली सीएसआईआर की 37 प्रयोग शालाओं में आयोजित किया जाता है। इसका मकसद विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करना है, साथ ही भविष्य में विज्ञान में अपना करियर तलाशते हुए इस क्षेत्र से जुड़कर देश का नाम रोशन करें।

दैनिक भास्कर
Helpline
ये सिर्फ नंबर नहीं, समाधान है आपकी समस्याओं का
93 57 57 17 17
93 57 57 27 27

Source : Chandigarh Bhaskar, Dec 02, 2009, p.2, cols, 2 to 6